54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.6°c अधिकतम 35.0°c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:19, सूर्यास्त - 7:16 | वर्ष : 54/ अंक : 154 | शुक्रवार, 05 जून 2026 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, पंचमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

उस ज्ञान की तलाश करो, जो मन की गाँठों को खोल दे। उस मार्ग की तलाश करो, जो तुम्हारे समूचे अस्तित्व की माँग करता है।

अब सिस्टम अन्दर से हिल रहा है, सिस्टम मुझे जानकारी दे रहा है : राहुल गांधी



ये सोचती थी जनता ये कैसे हो रहा है.. अब अपने बताया सिस्टम हिला हुआ है...

# महंगाई का दौर पर्दे में आया, दाम वही वजन घटाया

**मुजफ्फरनगर, 4 जून (बु.)।** महंगाई खुले आम ही नहीं दबे पांव चुपके से भी घरों में घुस कर लोगों का बजट बिगाड़ रही है। तमाम आम जरूरत की चीजों के दाम बढ़ने के बाद अब तमाम कंपनियों ने अपने उत्पादों के दाम तो नहीं बढ़ाए हैं, लेकिन उनमें उपलब्ध सामग्री का वजन या संख्या घटा दी है। पेट्रोल डीजल और दूध समेत कई घर जरूरत की वस्तुओं के दाम पहले ही बढ़ चुके हैं। अब नए तरीके से आ रही महंगाई का मतलब यह है कि दस रुपए वाला बिस्कुट का पैकेट मिलेगा तो दस रुपए में लेकिन उसमें माल कम मिलेगा।

**15 से 20 रुपये बढ़े तेल और रिफाइंड के दाम**

ईरान-अमेरिका जंग के बाद पेट्रोल-डीजल और गैस आदि की दरें बढ़ने बढ़ती महंगाई से रसोई का बजट बिगड़ने लगा है। खाने-पीने की रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ने से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। आटा, चावल, सोयाबीन तेल, दाल और बादाम आदि कई खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी आने से हर घर का मासिक खर्च बढ़ गया है। व्यापारियों का कहना है कि डीजल महंगा होने के कारण ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ गया है। मंडियों में माल की आवक प्रभावित होने से खाद्य वस्तुओं के दाम लगातार ऊपर जा रहे हैं। बाजार में आटा, चावल और सोयाबीन तेल और दाल आदि किराना के सामान के दामों में लगातार तेजी बनी हुई है। एक दुकानदार नीरज कुमार ने बताया कि पिछले एक महीने में चावल के दाम में करीब 20 रुपये प्रति किलो और आटे के दाम लगभग पांच रुपये प्रति किलो बढ़े हैं। सरसों तेल, रिफाइंड और दालों के दाम बढ़ गए हैं। शहर के थोक और फुटकर बाजारों से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले 60 दिनों में सरसों के तेल और रिफाइंड की कीमतों में 15 से 20 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फुटकर बाजार में सरसों तेल का दाम दो माह में 160-165 रुपये से बढ़कर 175-180 रुपये किलो हो गया है।




थोक में इसका रेट 2630 रुपये में 15 किलो है जबकि दो माह पहले इसका दाम थोक बाजार में 2500 रुपये था। यही हाल रिफाइंड तेल का भी है। फुटकर में एक लीटर रिफाइंड 155 से 160 रुपये में मिल रहा है। थोक में 15 लीटर रिफाइंड का दाम 2400 है जबकि पिछले माह इसका दाम 2300 रुपये था। उन्होंने बताया कि कई ब्रांडेड कंपनियों ने अपने उत्पादों के दाम बढ़ाने के बजाय पैकेट का वजन कम कर दिया है। इससे उपभोक्ताओं को कम मात्रा के लिए अधिक रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। गैस, डीजल-पेट्रोल के दामों में बढ़ोत्तरी के बाद लगे महंगाई के तड़के में कंपनियों ने अपने उत्पाद के सीधे दाम बढ़ाने के बजाय एक नया तरीका अपनाया है। जिसमें अब उत्पाद का वजन ही घटा दिया गया है। बाजार में की गई पड़ताल में सामने आया कि चिप्स, बिस्किट, नमकीन, चॉकलेट, जूस, आइसक्रीम और छाछ जैसी वस्तुओं के दाम महंगाई के हिसाब से कंपनियों ने नहीं बढ़ाए है ब्लकि अब कंपनियों ने इन उत्पादों की मात्रा में कटौती कर दी है। 10 रुपये में मिलने वाला चिप्स का पैकेट पहले 32 ग्राम का होता था, जो अब 28 ग्राम का रह गया है।

इसी तरह चॉकलेट 30 ग्राम से घटकर 24 ग्राम और आइसक्रीम 47 ग्राम से घटकर 40 ग्राम रह गई है। केवल खाद्य पदार्थ ही नहीं, बल्कि सर्फ, साबुन, हेयर ऑयल और क्रीम जैसे उत्पादों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। कई उत्पादों की पैकिंग पहले जैसी ही दिखाई देती है, लेकिन उनमें भरी जाने वाली सामग्री कम कर दी गई है। एक किलो के पैकेट अब 950 ग्राम या उससे कम वजन के हो गए है। व्यापारियों का कहना है कि कच्चे माल, परिवहन और पैकेजिंग की लागत बढ़ने के कारण कंपनियां कीमत बढ़ाने से बचने के लिए वजन कम करने का रास्ता अपना रही हैं। यह महंगाई का ऐसा रूप है, जो पहली नजर में दिखाई नहीं देता, लेकिन जेब पर इसका असर उतना ही पड़ता है।

## देर रात चली आंधी, आधी रात तक बत्ती गुल

**देर रात अचानक तेज हवाओं के साथ पूरे शहर की बिजली बंद ▸ शहर के तमाम इलाकों में बिजली और पानी रहा गायब**

**मुजफ्फरनगर, 4 जून (बु.)।** एक बार फिर मौसम में आए बदलाव के बीच सुबह के समय आई तेज बारिश ने शहर का मिजाज बदल दिया। बारिश के साथ जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं कुछ निचले मुहल्लों में पानी के भराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद देर रात फिर आई तेज हवाओं ने शहर की बिजली व्यवस्था की पोल खोल दी और पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। नगर में आज तापमान अधिकतम 35.0 और न्यूनतम 23.6 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह के समय हल्की आंधी भी आई। शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इसके साथ ही 5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने अभी बारिश और आंधी का दौर जारी रहने की संभावना जताई है।



गर्मी का दौर देखने के बाद आज सुबह फिर से तेज हवाओं के साथ आई बारिश ने मौसम बदल दिया। इसके चलते आज लोग सोकर उठने की प्रक्रिया में थे तो ठंडी हवाओं के झोंकों ने उनका स्वागत किया। बारिश के बाद शहर के निचले इलाके वाले मुहल्लों में जल भराव की स्थिति से लोगों को जूना पड़ा। हालांकि बारिश थमने के बाद पानी भी उतर गया। कई इलाकों में गलियां पानी से भरी नजर आईं। तेज हवाओं के चलते शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। कई घंटे आपूर्ति ठप्प रहने से साकेत, पचेंडा रोड, गांधी कॉलोनी और इसके आसपास के इलाकों में लोग बिजली और पानी के लिए तरसते रहे। साकेत में सुबह चार बजे आपूर्ति ठप हो गई। इसका कारण बिजली के तार टूटना बताया गया। करीब 11 बजे आपूर्ति सुचारू हो सकी। ऐसे ही हालात पचेंडा रोड बिजली घर से जुड़े इलाकों में नजर आए। इन इलाकों में रात करीब पांच घंटे आपूर्ति ठप रही थी। आज सुबह फिर आपूर्ति ठप रहने के बाद इन्वर्टर भी ठप हो गए। इलाके में दिन भर पानी की आपूर्ति भी बाधित रही। देर रात फिर अचानक चली तेज हवाओं के बीच पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। रात में करीब पौने 11 बजे अचानक तेज हवाएं चलने के बाद फिर से शहर में बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। इस दौरान महावीर चौक

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें

## मुख्यमंत्री की योजना पर भारी डग्गामारी!

**▸ बसें लेकर एआरटीओ कार्यालय पहुंच गए बस संचालक ▸ बस संचालक बोले- लो जी सीएम साहब को ही सौंप दो चाबी**

**मुजफ्फरनगर, 4 जून (बु.)।** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन सेवा योजना मिनी बस संचालकों ने अपनी समस्या को लेकर एआरटीओ कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। विभागीय अधिकारियों के खिलाफ बस संचालकों ने जमकर नारेबाजी करते हुए समस्याओं का समाधान न होने पर बसों का संचालन बंद करने की चेतावनी दी और खुलकर बताया एक तरफ डग्गामार वाहन माफिया उन पर झूठे मुकदमे करा रही है तो दूसरी तरफ ट्रैफिक पुलिस लगातार उनके चालान काटने में लगी है जिसके कारण वो अब मुख्यमंत्री की इस योजना को आगे बढ़ाने में असमर्थ है। पीड़ित बस संचालकों की माने तो उचित पार्किंग ना होने के कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है जिससे मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन सेवा योजना प्रभावित हो रही है और सीएम योगी के सपनों को ठेस पहुंच रही है इसलिए समाधान नहीं होने पर बस संचालक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही अपनी बसों की चाबियां सौंप कर आएंगे वहीं दूसरी ओर एआरटीओ अजय मिश्रा ने कहा कि उन्होंने बस संचालकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना है और जल्द ही उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया है कि अगर कोई भी नियमा विरुद्ध वाहनों का संचालन करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी किसी का कोई दबाव विभाग पर नहीं चलेगा। आपको बता दे कि दोपहर के समय एकाएक मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन सेवा बस संचालकों ने एआरटीओ कार्यालय पर बसों सहित अपना डेरा जमाना शुरू किया जिसके बाद मुख्यद्वार पर ही बस संचालकों ने धरना शुरू कर दिया। एआरटीओ कार्यालय में धरने की सूचना से पुलिस विभाग , एआरएम रोडवेज और ट्रैफिक विभाग में हड़कंप मच गया तुरंत एआरएम प्रभात कुमार सिन्हा, ट्रैफिक इंचार्ज राकेश कुमार ने एआरटीओ कार्यालय की ओर दौड़ लगाई तो बस संचालकों और अधिकारियों के बीच तीन दौर की वार्ता हुई जिसमें कोई समाधान नहीं हो सका, हालांकि कुछ मांगो पर इसकी विचार किया गया ओर आश्वस्त किया गया लेकिन बस संचालकों मांग थी कि उन्हें शहर के





मुख्य पॉइंट्स पर खड़े होने के लिए स्थान दिया जाएं और डग्गामारी शहर से पूरी तरह खत्म हो। चौथी दौर की वार्ता हुई तो मामले में गर्मागरामाई के बीच एसपी ट्रैफिक के पाले में गेंद को डालकर मामला शांतिपूर्वक टाल दिया गया। अब इन ग्रामीण बसो के संचालकों की नजर एसपी ट्रैफिक द्वारा समस्या के समाधान पर टिकी है जो अब एक और वार्ता के बाद सफल होगी या नहीं उसका सभी बस संचालकों को इंतजार है।












## दुकान में लगी भयंकर आग देख फफक-फफककर रो पड़ा दुकानदार

**मुजफ्फरनगर, 4 जून (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के नावल्टी चौक स्थित एक गिफ्ट शॉप एंड इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम और शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। दमकलकर्मियों द्वारा काफी देर बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि दुकान मालिक अभिनव अरोरा पुत्र रमेश अरोरा ब्रह्मपुरी निवासी है। देर शाम दुकान बंद करके जब वह अपने घर पहुंचा तो दुकान में आग की सूचना मिलते हुए उसके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। मौके पर पहुंचे अभिनव ने जैसे ही अपनी दुकान का शटर खोला तो दुकान के अंदर रखा सारा सामान में आग जलकर स्वाह हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने विद्युत विभाग को कॉल कर शटडाउन कराया, जिसके बाद काफी समय बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल नुकसान का आंकलन नहीं लगाया जा सका है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। सिर्फ शॉर्ट शर्किट होना बताया जा रहा है। पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।









## रामलीला टिल्ला पर पानी को लेकर फजीहत : नाले का पानी घरों में घुसा तो लोगों ने किया हंगामा

**▸ देर रात में ही नगर पालिका ईओ व सिटी मजिस्ट्रेट पहुंचे मौके पर**

**मुजफ्फरनगर, 4 जून (बु.)।** अधिकारियों की कम सूझ-बूझ के कारण नगर में आए दिन कोई न कोई फजीहत होती ही रहती है। जनता शहर के नेताओं से लेकर अधिकारियों तक पूरी तरह से त्रस्त है, मगर कोई सुने न सुने जनता सड़क पर आने लगी है। रामलीला टिल्ला पर गुरूवार की रात उस समय आम लोगों ने नगर पालिका हाय-हाय के नारे लगाते हुए अपनी सही मांग को लेकर प्रदर्शन किया। दरअसल पालिका द्वारा रामलीला टिल्ला पर नाला निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में सीएनडीएस द्वारा उक्त नाले का पानी कुछ घरों के पीछे से डायवर्ट कर दिया गया। डायवर्ट करते समय न तो कोई दीवार लगाई गई और न कोई अस्थाई रुकावट की गयी, जिससे नाले का पानी किसी के घरों में न भरे। जैसे ही नाले के पानी को लापरवाही से डायवर्ट किया गया तो पानी लोगों के घरों में जा घुसा और उनका हंगामा करना वाजिब था। पालिका ईओ व नगर मजिस्ट्रेट हंगामा होते देख मौके पर पहुंचे और सीएनडीएस की लापरवाही बताते हुए कल सुबह तक इसके समाधान का आश्वासन दिया वहीं दूसरी ओर देर रात में पालिका के जेई व एई पूरा दिन रामलीला टिल्ला पर पानी न आने के कारण जांच के लिए पहुंचे। जांच में पाया कि बिजली न आने के कारण पानी बूंद-बूंद करके आ रहा था। हालांकि यह बात किसी के गले नहीं उतरी, क्योंकि भले ही देर सबेर सही बिजली आ रही थी। देर रात तक जेई व एई टंकियों में पानी आने का समाधान ढूंढने में व्यस्त रहे। अब देखना यह है कि शुक्रवार को उक्त दोनों मामलों में कोई समाधान हो पाता है अथवा नहीं।



### गोवंश की बिजली के खंभे की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

**मुजफ्फरनगर, 4 जून (बु.)।** थाना नई मंडी क्षेत्र के सुभाष नगर में बारिश के दौरान एक आवारा गोवंश की बिजली के खंभे की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई और स्थानीय



निवासियों ने विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उक्त बिजली के खंभे में अक्सर करंट उतर आता है, जिसकी शिकायत कई बार विद्युत विभाग से की जा चुकी है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं कराया गया। लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में यह खंभा राहगीरों और आसपास के निवासियों के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है।

## चौकी इंचार्ज ने कराई अनोखी शादी : अपने खर्चे से मंगाई प्रेमी युगल के लिए जयमाला, परिवार को सहमत कर किया चौकी की चौखट से पति-पत्नी को विदा

**मुजफ्फरनगर, 4 जून (बु.)।** यूं तो मुजफ्फरनगर में अपनी आन-बान- शान के लिए ऑनर किलिंग तक हो रही है। कुछ दिन पहले ही शाहपुर से ऐसी ही एक घटना सामने आई थी, जिसमें बहन के प्रेमी का पता लगने पर भाई ने उसका कत्ल कर दिया था, मगर कुछ मामलों में परिवार के दिल पिंघल भी जाते हैं और प्रेमी-प्रेमिका एक दूजे के हो जाते हैं।

**प्रेमी-प्रेमिका के चेहरे जयमाला डालते ही खिले**

ऐसा ही एक मामला नगर कोतवाली की रोहाना चौकी का सामने आया है, जिसमें प्रेमी युगल को मिलाने में चौकी इंचार्ज की अहम भूमिका सामने आई है।

दरअसल बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव मलीरा के रहने वाले मुकेश के परिवार ने चौकी इंचार्ज को सूचना दी कि उनकी बेटी प्रियंका से छपार थाना क्षेत्र के रामपुर तिराहे का रहने वाले रोहन पुत्र रामदास घर में दीवार फांदकर मिलने के लिए आया था, जिसे परिवार के लोगों ने वहीं का वहीं दबोच लिया।



इसके बाद परिवार ने जैसे ही पुलिस को सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और रोहन को हिरासत में ले लिया। इसके बाद रोहना चौकी इंचार्ज मोहित कुमार ने जब प्रेमी रोहन से बात की तो रोहना चौकी इंचार्ज के सामने अपनी प्रेमिका को पाने के लिए गिड़गिड़ाने लगा और कहा कि साहब जैसे-कैसे आप ही मेरी प्रेमिका को मुझसे मिला सकते हो। चाहो तो प्रेमिका को यहीं बुलाकर पूछ लो कि वह मेरे साथ रहना चाहती है या मैं जोर जबरदस्ती कर रहा हूँ। रोहन की बात सुनकर चौकी इंचार्ज ने उक्त प्रेमी युगल को एक दूसरे से मिलाने के प्रयास शुरू किये। पूरे परिवार को चौकी में बुलाया गया और चौकी इंचार्ज की मध्यस्थता में परिवार को समझाया कि यदि दोनों एक दूसरे से प्रेम करते हैं तो समाज की बदनामी झेलने के बजाय दोनों की शादी करा दी जाए। लम्बी गहमा-गहमी के बाद आखिर दोनों परिवार तैयार हो गए। परिवार के तैयार होते ही अपने ही खर्चे पर चौकी इंचार्ज ने जयमाला मंगवाई और 100-100 रुपये नेग के भी दिए। दोनों परिवारों और प्रेमी युगल को चहकते हुए चौकी की चौखट विदा किया गया और चौकी इंचार्ज ने एक अनोखी मिसाल कायम कर दी। दोनों परिवारों ने चौकी इंचार्ज की सूझ-बूझ की तारीफ करते हुए चौकी इंचार्ज को बधाई दी।

खुशियों के आसमां का जहाँ, बेहद खूबसूरत है, हमारा ये आशियां।

मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत परियोजना द्वारिका सिटी में इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति के अन्तर्गत दुर्बल आय वर्ग एवं अल्प आय वर्ग (जी+3) फिनिश्ड फ्लैट्स प्राप्त करने का

सुनहरा अवसर

| वर्ग | बिल्टअप एरिया | कॉर्पेट एरिया | भवन की संरचना | निर्धारित मूल्य (रूपये) | भवनो की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| ई.डब्लू.एस. G+3 | 25.544 वर्ग मी0 (274.95 वर्ग फुट) | 22.048वर्ग मी0 (237.32वर्ग फुट) | 1 रूम, किचन व टॉयलेट | रू0 4,51,582.00 | 228 |
| एल.आई.जी. G+3 | 36.02 वर्ग मी0 (387.716 वर्ग फुट) | 31.245वर्ग मी0 (336.32वर्ग फुट) | 1 बैडरूम, 1 लिविंग रूम, किचन व टॉयलेट | रू0 10,87,190.00 | 228 |
| भुगतान एवं अन्य विवरण हेतु पंजीकरण पुस्तिका का अवलोकन करें। | | | | | |

द्वारिका सिटी में इन्टीग्रेटिड टाउनशिप नीति के अन्तर्गत रूडकी-मेरठ बाईपास रास्ते पर स्थित दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग के अन्तर्गत किफायती आवासीय योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु निर्धारित पंजीकरण पुस्तिका के आवेदन शुल्क रू0 200.00 जमा कराते हुए पंजीकरण पुस्तिका द्वारिका सिटी, जानसठ रोड स्थित कार्यालय से एवं निर्धारित बैंक से प्राप्त की जा सकती है।

पंजीकरण फार्म को द्वारिका सिटी कार्यालय, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर में आवेदन पत्र के साथ पंजीकरण पुस्तिका में अंकित धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक/पे-ऑर्डर संलग्न करते हुए नियमानुसार जमा कराया जा सकता है। प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों की पात्रता/अपात्रता की जांच जिला नगरीय विभाग अभिकरण, मुजफ्फरनगर ( डूडा ) से करायी जायेगी तथा जांचोपरान्त पाये गये पात्र आवेदको के मध्य शासन द्वारा गठित समिति के माध्यम से निर्धारित स्थान पर लॉटरी ( ड्रा ) का आयोजन करते हुए नियमानुसार भवन आवंटन की प्रक्रिया अपनाई जायेगी।

नोट :- शासनादेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार आरक्षण लागू होगें।

द्वारिका सिटी इंटीग्रेटेड टाउनशिप

जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर ( उत्तर प्रदेश )

दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग हेतु किफायती आवासीय योजना

पंजीकरण अवधि 05.06.2026 से 05.08.2026 तक



यू0पी0रेरा रजिस्ट्रेशन नं0 UPRERAPRJ170765/03/2025

Project Start Date : 01-07-2023 | Website : www.up-rera.in

